K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR

ASSESSMENT - IV (2022-23)

GRADE: IV **MARKS: 40**

SUBJECT : HINDI **TIME: 2 HOURS**

सूचनाएँ = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है।(Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) पत्रलेखन का प्रश्न लिखना आवश्यक है।
४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

प्रश्न१) निम्नलिखित पठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

बहुत-से रंग-बिरंगे पक्षी एक बड़े-से पिंजरे में इधर-उधर उड़ रहे थे। उड़ते हुए सतरंगी तोते ने तो हमारा मन ही मोह लिया। उनके साथ-साथ हमने कुछ ऐसे जानवर और पक्षी भी देखे, जैसे- सफ़ेद चीता, कछुआ, गौरैया आदि, जिनके बारे में दादा जी ने हमें कुछ विचित्र बातें बताई। दादा जी ने बताया कि इन जानवरों की संख्या अब धरती पर बहुत कम रह गई है। इनकी प्रजातियाँ अब धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं। इसके अलावा उन्होंने 'डायनासोर' जैसे अन्य जानवरों के बारे में भी हमें बताया, जो अब धरती से पूरी तरह लुप्त हो चुके हैं। अब ये सिर्फ़ टी.वी. पर दिखाई देते हैं। मैं और मेरा भाई उनकी बातों को उत्सुकतापूर्वक सुन रहे थे। बिन्नू, हमें यह बात बहुत विचित्र और अनोखी लगी।

क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए। **(३ अंक)**

१) अब ये सिर्फ़ ______ पर दिखाई देते हैं।

२) दादा जी ने हमें कुछ _______ बातें बताई।

३) बहुत-से रंग-बिरंगे पक्षी एक बड़े-से ______ में इधर-उधर उड़ रहे थे।

ख) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। **(१ अंक)**

१) सबका मन किसने मोह लिया?

ग) मेरी राय (स्व-अध्ययन पर प्रश्न) **(२ अंक)**

१) हमें जानवरों तथा पक्षियों के प्रति किस तरह का व्यवहार करना चाहिए?

प्रश्न२) क) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **(४ अंक)**

१) लुप्त होना =

२) साक्षात्कार =

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए। **(४ अंक)**

१) किआंग को किसका किरदार निभाने को मिला और उसने उसके लिए क्या-क्या तैयारी की?

२) दादा जी ने जानवरों के लुप्त होने के कौन-से कारण बताए?

ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए। **(५ अंक)**

१) सचिन तेंदुलकर के गुरु का नाम क्या था?

२) साक्षात्कार किसने लेना शुरू किया?

३) बच्चे दादा जी के साथ कहाँ घूमने गए थे?

४) पूरे हॉल में किस-की गड़गड़ाहट गूँज उठी?

५) वैशाली के छोटे भाई का नाम क्या है?

प्रश्न३) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

समय और धन की दौड़ में हमेशा समय की जीत होती है। पैसा कमाना आपको अमीर बना देगा लेकिन समय को जीतना आपको सफल बनाएगा। समय फिर कभी लौट कर नहीं आता, आपको इसका उपयोग करने का केवल एक ही मौका मिलता है। यदि आप आज समय का सदुपयोग करते हैं, तो यह आपको कल लाभकारी परिणाम देगा। समय बहुत कीमती है और इसे अच्छे कामों में खर्च करने की जरूरत है। समय के मूल्य को समझना महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह बदलता रहता है। जो व्यक्ति समय के महत्त्व को जानता है और उसका सम्मान करता है, वह चतुर और बुद्धिमान माना जाता है। वह व्यक्ति अपने जीवन में सभी सफलता प्राप्त करने वाला होता है।

क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए। (३ अंक)

१) समय फिर कभी लौट कर नहीं आता।

२) यदि आज हम समय का सदुपयोग करते हैं, तो यह हमें कल लाभकारी परिणाम देगा।

३) समय के मूल्य को समझना महत्त्वपूर्ण नहीं है।

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का उचित पर्याय चुने। (२ अंक)

१) समय का उपयोग करने के लिए कितने मौके मिलते हैं?

क) एक ख) चार ग) दो

२) जो व्यक्ति समय के महत्त्व को जानता है वह कैसे माना जाता है?

क) चतुर और बुद्धिमान ख) मूर्ख और आलसी ग) कमजोर और अनपढ

ग) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (१ अंक)

१) समय और धन की दौड़ में हमेशा किस-की जीत होती है?

प्रश्न ४) क) निम्नलिखित शब्दों के <u>लिंग पहचानकर</u> लिखिए। (२ अंक)

१) नदी = २) कमरा =

ख) निम्नलिखित शब्दों के <u>वचन बदलकर</u> लिखिए। **(२ अंक)**

१) बल्ला = २) तालियाँ =

ग) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द खोजकर लिखिए। (३ अंक)

१) तुम एक बहादुर लड़की हो।

२) हम सब खेलने जा रहे हैं।

३) मैं पुस्तक पढ़ रहा हूँ।

घ) कोष्ठक से उचित क्रिया शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए। (३ अंक)

(पी, गाता, चलाता, उड़ा)

१) अनुज गाडी _______ है।

२) सीमा शरबत _______ रही है।

३) केतन पतंग _______ रहा है।

प्रश्न ५) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर पत्रलेखन लिखिए। (५ अंक)

१) आपका मित्र बहुत दिनों से बीमार है, उसका हाल-चाल पूछते हुए पत्र लिखिए।

२) अशुद्ध जल की आपूर्ति की शिकायत करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।